दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 21 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 144

# भारत और विश्व के बीच साझेदारी विकसित करने का सिनेमा सक्षम माध्यमः एस जयशंकर

### » 70वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय मंडप का किया उद्घाटन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने बुधवार को बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (बर्लिन) 2020 में भारतीय मंडप का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि भारत और विश्व के बीच सहयोग और साझेदारी विकसित करने का सिनेमा एक सक्षम माध्यम है।

उन्होंने कहा कि सह निर्माण के समझौतों,फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) तथा भारत के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने भारत को फिल्मांकन के एक प्रमुख केन्द्र तथा उभरते बाजार के रूप में पेश किया है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि बर्लिनले में भारत



की भागीदारी ने विभिन्न स्तरों पर फिल्म निर्माण और सह-निर्माण के प्रयासों को आगे ले जाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया है। उन्होंने बर्लिनले के प्रतिभागियों, निर्देशकों, फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्मों, प्रतिनिधिमंडलों और भागीदारी के माध्यम से 51वें भारतीय



अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

विदेश में मंत्री ने इस अवसर पर गोवा में इस साल आयोजित होने वाले 51वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का पोस्टर और एक पुस्तिका भी जारी की। इस मौके पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने मंडप में भारतीय फिल्मों की एकमात्र बिजनेस पत्रिका ड्रूफिकल मैगजीन का भी विमोचन किया।

जर्मनी में भारत की राजदूत सुमुक्ता दत्त तोमर, सूचना और प्रसारण मंत्रालय की संयुक्त सचिव(फिल्म) सुटीसी कल्याणी , विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव शिल्पक अंबुले ,बर्लिन में भारतीय दूतावास में डिप्टी चीफ ऑफ मिशन परमिता त्रिपाठी,सूचना प्रसारण मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्वस निदेशालय में अपर महानिदेशक चैतन्य प्रसाद,मंत्रालय में उप सचिव (फिल्म) सुधनप्रीत कौर, भारतीय उद्योग परिसंघ की कार्यकारी निदेशक सुनीरजा भाटिया तथा ईएफएम कार्यालय में बिक्री और तकनीक विभाग के प्रमुख पीटर डोम्श भी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में गणमान्य लोगों द्वारा भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2020 का पोस्टर और पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)के साथ मिलकर 70वें 'बर्लिन अंतर्राष्टीय फिल्म महोत्सव' में भाग ले रहा है । यह महोत्सव 19 फरवरी से 1 मार्च, 2020 तक जर्मनी के बर्लिन, शहर में आयोजित किया जा रहा है। फिल्म महोत्सव में एक भारतीय मंडप भी है जो विदेशी बाजार में भारतीय सिनेमा को लोकप्रिय बनाने और उसके लिए व्यापार के नए अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। बर्लिनले 2020 में हिस्सा ले रहे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य देश के फिल्म उद्योग क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए भाषाई, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विविधता वाली अपनी फिल्मों को बढ़ावा देना है।

## दिल्ली की तर्ज पर सभी स्कूलों का बदलेगा स्वरूप

**सरकार कैबिनेट के लिए कर रही बदलाव का प्रस्ताव**



**रांची (आरएनएस)।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तर्ज पर राज्य के प्रत्येक जिला के एक-एक जिला स्कूल का जीर्णोद्धार किया जायेगा। जहां न केवल भवन को नया स्वरूप दिया जायेगा, बल्कि शिक्षक भी प्रोफेशनल रखे जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी मंशा अधिकारियों को बता दी है। इसके बाद अधिकारी इसे मूर्त रूप देने में लगे हैं। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट में इसका प्रस्ताव लाया जायेगा।

वर्तमान में छह जिला स्कूल ही अधिसूचित : जानकारी के अनुसार रांची जिला स्कूल समेत राज्य में केवल छह स्कूल ही जिला स्कूल के रूप में अधिसूचित हैं। सरकार अन्य जिलों में एक-एक बड़े स्कूल का चयन कर उसे जिला स्कूल के रूप में पहले अधिसूचित करेगी।इसके बाद स्कूल को नया स्वरूप दिया जायेगा।मॉडल स्कूल की प्रक्रिया भी इसके साथ-साथ ही चलेगी। सरकार मॉडल स्कूल का भी स्वरूप बदलने जा रही है। आवासीय होगा जिला स्कूल : बताया गया कि जिला स्कूल का दायरा पूरा जिला होगा।

## बस-कंटेनर भिड़ंत में 19 की मौत और 20 से अधिक घायल

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में केरल राज्य परिवहन की बस और लॉरी की टक्कर से 19 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह अविनाशी कस्बे के पास हुआ। प्राइवेट यात्री बस से शवों को निकालकर तिरुपुर जिला अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि बस बेंगलुरु से तिरुवनंतपुरम की ओर जा रही थी। अविनाशी के डेप्युटी तहसीलदार ने बताया कि मरने वालों में 14 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं।




हादसे में 20 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा इतना भीषण था कि बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह से लॉरी के नीचे आ गया। हादसे वाली जगह पर क्रेन की मदद से लॉरी और बस को अलग किया गया। घटनास्थल पर पुलिस मौजूद है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को किसी तरह बस से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा इतना भयानक था कि बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह से ट्रक के नीचे आ गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस 48 सीटर थी और पूरी भरी हुई थी। जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त बस में सवार लोग सो रहे थे। अचानक हुई टक्कर में बस के अंदर से चीखों की आवाज आने लगीं।

### मिजोरम-अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर पीएम ने दी बधाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश के स्पापना दिवस पर वहां के लोगों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने मिजोरम के लोगों को प्रेषित संदेश में कहा मिजोरम के स्थापना दिवस पर राज्य के नायाब लोगों को बधाई। हमें इस राज्य की समृद्ध संस्कृति पर गर्व है। मिजोरम के लोगों ने कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और देश के विकास में योगदान दिया है। मैं आने वाले वर्षों में मिजोरम के विकास की कामना करता हूं।'' अरुणाचल प्रदेश के नाम अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा 'अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई। यह राज्य देशभक्ति और राष्ट्र के विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का पर्याय है। मैं अरुणाचल प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना करता हूं।'

## अवैध घुसपैठ के आरोप से दो को किया बरी

### » कहा-मतदाता पहचान पत्र नागरिकता का पर्याप्त प्रमाण

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई में अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने हाल ही में मुंबई पुलिस द्वारा बांग्लादेश से यहां घुसपैठ करने के आरोप में पकड़े गए दो लोगों को बरी कर दिया।

इस मामले में न्यायालय ने माना कि एक निर्वाचन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र नागरिकता का पर्याप्त प्रमाण है, क्योंकि किसी व्यक्ति को जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रपत्र 6 के मद्देनजर संबंधित प्राधिकारी के समक्ष घोषणा पत्र दाखिल करना होता है कि वह भारत का नागरिक है और यदि घोषणा मिथ्या पाई जाती है तो उस व्यक्ति को दंड मिलना चाहिए।

एसीएमएम एएच काशीकर ने अब्बास शेख और उनकी पत्नी राबिया खातून साहिख को बरी कर दिया, जिन्हें पासपोर्ट नियम 3 और नियम 6 (भारत में प्रवेश) 1950, विदेशी नियम 1948 के पैरा 3 (1) जो विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 के तहत दंडनीय है, की शर्तों के उल्लंघन के लिए आरोपी बनाया गया था। कोर्ट ने इस मामले से दंपति को बरी करते हुए कहा, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण



पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र और पासपोर्ट को मूल प्रमाण के तौर पर माना जा सकता है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मतदाता पहचान पत्र को भी नागरिकता का पर्याप्त प्रमाण कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए जन प्रतिनिधि अधिनियम के फार्म 6 के तहत किसी भी व्यक्ति को प्राधिकरण के समक्ष नागरिक के तौर पर घोषणा पत्र दाखिल करना होता है कि वह भारत का नागरिक है। यदि घोषणा गलत पायी जाती है तो अमुक शख्स सजा के लिए उत्तरदायी होता है। अदालत ने कहा कि अब्बास शेख (45) और राबिया खातून शेख (40) ने अपनी नागरिकता साबित करने के लिए मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य मूल दस्तावेज भी पेश किए थे। हालांकि अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि दंपति की ओर से पेश किए गए सभी दस्तावेज झूठे हैं। कोर्ट में अभियोजन पक्ष यह साबित करने में नाकाम रहा कि दंपति के पास मौजूद दस्तावेज फर्जी हैं। कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष इस बात को साबित करने में विफल रहा है कि आरोपी द्वारा पेश दस्तावेज वास्तविक नहीं हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड किसी व्यक्ति की नागरिकता साबित करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज़ नहीं माने जा सकते, क्योंकि उक्त दस्तावेज़ नागरिकता साबित करने के उद्देश्य से नहीं बनाए गए हैं।

## दिल्ली में मिलेनिया लेंगी बच्चों की हैपीनेस क्लास

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका की प्रथम महिला एवं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मिलेनिया भारत दौरे के दौरान दिल्ली के सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं से मुलाकात करेंगी। इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल भी उनके साथ रहेंगे। ट्रंप 24 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं और इस दौरान उनके साथ पत्नी मिलेनिया भी रहेंगी। मिलेनिया 25 फरवरी को दिल्ली के सरकारी स्कूल में बहुचर्चित 'हैपीनेस क्लास' देखने जायेंगी।



मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका की प्रथम महिला 25 फरवरी को 'हैपीनेस क्लास' के जरिए बच्चों से रूबरू होंगी। वह दक्षिणी दिल्ली स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों के साथ करीब एक घंटे का समय बिताएंगी। इस दौरान केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी उनके साथ रहेंगे। यह पहली बार है जब भारत के दौरे पर आने वाली अमेरिका की कोई प्रथम महिला दिल्ली में स्कूली छात्रों से मिलेंगी।

## कर्नाटक के डीजीपी की गिरफ्तारी टली

### » एनबीडब्ल्यू पर सुप्रीम कोर्ट की रोक



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय की ओर से राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) पर गुरुवार को रोक लगा दी। कर्नाटक सरकार की याचिका में उच्च न्यायालय द्वारा राज्य के डीजीपी और आईजीपी के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट रद्द करने की माँग की गई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ के सामने मामले का विशेष उल्लेख किया। मेहता ने कहा कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया है, जो अमान्य है, लिहाजा शीर्ष अदालत गैर जमानती वारंट रद्द करें। कर्नाटक में एक डीएसपी का सर्विस केस था जिसमें उच्च न्यायालय ने डीजीपी को कोर्ट में पेश होने को कहा था, लेकिन डीजीपी ने खुद उच्च न्यायालय न जाकर अपने जूनियर पुलिस अधिकारी को अदालत भेज दिया था, जिससे नाराज़ होकर उच्च न्यायालय ने डीजीपी को ग़ैरज़मानती वारंट जारी कर दिया था।

## मल्टीरोल हेलीकॉप्टर नौसेना के जंगी बेड़े में होगा शामिल

### » पनडुब्बियों पर हमले के लिए हथियारों होगा लैस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा से पहले सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) ने नौसेना के लिए अमेरिका से 24 मल्टीरोल हेलीकॉप्टर, रोमियो खरीदने का फैसला किया है। सीसीएस ने बुधवार को 2.6 बिलियन डॉलर के इस सौदे को मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति ट्रंप के भारत दौरे के दौरान इस सौदे पर मुहर लग सकती है।

यह हेलीकॉप्टर नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा। यह पनडुब्बियों पर हमले के लिए



हथियारों से लैस होंगे। अमरीकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने एमएच-60 रोमियो हेलिकॉप्टर तैयार किया है। इसे एंटी-सबमरीन और एंटी-सर्फेस (शिप) वॉरफेयर के लिए इस्तेमाल किया जाता है। 25 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी और ट्रंप की उपस्थिति में इस डील पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस डील के तहत भारत 24 एमएच-60 रोमियो हेलिकॉप्टर्स के लिए शुरुआत में 15 प्रतिशत किश्त का भुगतान होगा। डील होने के बाद इसकी पहली खेप दो साल के भीतर पहुंच जाएगी। दो से पांच साल के भीतर सभी हेलीकॉप्टर भारत को मिल जाएंगे। इसके अलावा दोनों देशों के बीच इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम खरीदने पर भी चर्चा हो सकती है। हालांकि, इस सौदे में पेंच फंस सकता है। यह सौदा करीब 9 हजार करोड़ रुपये यानी 1.90 डॉलर का होगा।

## अब अल्पसंख्यकों की पहचान होगी मुश्किल

### » दिशानिर्देश जारी करने संबंधी याचिका खारिज

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने अल्पसंख्यक शब्द को परिभाषित करने और देश के नौ राज्यों में अल्पसंख्यकों की पहचान के लिए दिशानिर्देश जारी करने संबंधी याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति रोहिंगटन एफ नरीमन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने भारतीय जनता पार्टी के नेता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका खारिज कर दी, लेकिन उन्हें संबंधित उच्च न्यायालयों के समक्ष जाने की छूट दे दी। याचिकाकर्ता ने अल्पसंख्यक शब्द की परिभाषा सुनिश्चित करने और नौ राज्यों - कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, नगालैंड, मिज़ोरम, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल और लक्षद्वीप- में अल्पसंख्यकों की



पहचान के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने इन राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग भी की थी। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय जाने को कहा। याचिका में मांग की गई। राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक दर्जे का निर्धारण न हो बल्कि राज्य में उस समुदाय की जनसंख्या को देखते हुए नियम बनाने के निर्देश दिए जाएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली आने वाली 10 ट्रेनें कई घंटें लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वाली 10 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 1 से 3 घंटे तक लेट बताई जा रही है। इन ट्रेनों में पूरी नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, गया न्यू दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस 2 घंटे 45 मिनट, डिब्रूगढ़ दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 1 घंटे 30 मिनट, भुवनेश्वर-न्यू दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस 3 घंटे, रीवा आनंद विहार रीवा एक्सप्रेस 2 घंटे, हावड़ा न्यू दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, भागलपुर आनंद विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, जबलपुर निजामुद्दीन एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, प्रतापगढ़ पद्मावत एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट और फैजाबाद दिल्ली फैजाबाद एक्सप्रेस 1 घंटे की देरी से दिल्ली आ रही हैं।

### दोषी विनय कुमार ने खुद किया घायल

**» निर्भया कांड**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** निर्भया गैंगरेप और मर्डर के दोषी नया डेथ वारंट जारी होने के बाद से अपनी कार्यशैली में बदलाव कर दिया है। निर्भया के दोषी फांसी से बचने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से एक दोषी विनय शर्मा ने अपने आप को घायल कर लिया है ताकि उनकी फांसी रुक जाए। आपको बताते जाए कि कोर्ट ने फांसी के लिए 3 मार्च का दिन तय कर दिया है। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने बताया कि 2012 के दिल्ली गैंगरेप मामले में दोषी विनय कुमार ने खुद को चोटिल पहुंचाने का प्रयास किया था। विनय कुमार ने खुद का सिर दीवार पर दे मारा। 16 फरवरी को हुई इस घटना में विनय को कुछ हल्की चोटें आई हैं। इस मामले में वकील एपी सिंह का कहना है कि नया डेथ वारंट जारी होने के बाद से विनय की मानसिक स्थिति खराब हो गई हैं। इसने अपनी मां को भी पहचानने से इनकार कर दिया है। जेल अधिकारियों का कहना है कि विनय की हालत ठीक है। जेल अधिकारियों ने बताया कि फांसी की सजा पाने वाले दोषी कई बार हिंसक बर्ताव पर उतर जाते हैं, ऐसे में अगर दोषी को चोट पहुंचती है तो फांसी को कुछ वक्त के लिए और टाला जा सकता है। जेल अधिकारियों का कहना है कि दोषी अगर घायल हो जाता है या उसके वजन में कमी आती है तो ठीक होने तक फांसी को टाल दिया जाता है।

### कई जिलों में बारिश तथा कुछ जगहों पर वज्रपात की चेतावनी

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड में एकबार फिर मौसम करवट लेने वाला है. कई इलाकों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने का अनुमान जताया गया है. मौसम विभाग की मानें तो 21, 22 और 23 फरवरी को राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है, हालांकि तापमान में गिरावट का अनुमान नहीं है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि राज्य के कई जिलों में 21 से 25 फरवरी तक हल्की बारिश होगी और सामान्यतः मौसम शुष्क रहेगा. 21 फरवरी को पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में एक दो स्थानों पर हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है. वहीं, 22 और 23 फरवरी को रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ आदि जगहों पर हल्की बारिश होने की आशंका है.

### काल के गाल में समा गए एक ही परिवार के पांच सदस्य

**» कार और ट्रक की भिंड़त**

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के घागवाल क्षेत्र में जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को कार और ट्रक के बीच टक्कर होने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यहां बताया कि कार ट्रक से उस समय टकरा गई जब वह कठुआ से जम्मू जा रही थी। कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे और दुर्घटना में मौके पर ही उन सबकी मौत हो गई।